हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जुलाई 2024



तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

10 लीड : गुरु-शिष्य परम्परा को किया याद, बच्चों ने शिक्षकों के ...



08 बिजली की खपत पर राहत की बारिश, डिमांड ...



## खबर संक्षेप

### बेरला अंचल में लगातार बारिश ने बढ़ाई समस्या

**बेरला।** ब्लॉक बेरला सहित जिले के परिक्षेत्र में पिछले दो तीन दिनों से मूसलाधार व रुक-रुककर झमाझम बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। वहीं, लगातार बारिश होने पर नदी, नाला उफान मार रहे हैं। इससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बारिश होने पर गांव की गलियों में तालाब स्वरूप दिखाई दे रहे। वहीं कई घरों में पानी घुस चुके हैं। इस प्राकृतिक आपदा व बारिश से कीड़े व सर्प का खतरा ज्यादा बना हुआ है। रुक-रुककर बारिश के साथ ठंडी-ठंडी हवा व बिजली की गर्जना से खेत में काम कर रहे किसान व मजदूर के लिए खतरा बना हुआ। बारिश होने के साथ कई मौसमी बीमारी भी साथ ले कर आ रहे है। जिसका प्रभाव सीधा बच्चों व बड़ों को सभी को प्रभाव पड़ रहे है। मौसमी बीमारी जैसे सर्दी, खांसी, मलेरिया, टाईफाइड आदि लोग बीमार पड़ रहे है। जो चिंता का विषय बन गया। आसमान में बिजली की गर्जना से बिजली गिरने का भय लगा रहता है। इससे काम भी प्रभावित हो रहे हैं।

### सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में पार न करें : चंद्रवाल

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विगत कुछ दिनों से प्रदेश के साथ–साथ बालोद जिले में लगातार हो रही तेज बारिश को देखते हुए जिले के आम नागरिकों से इस दौरान सावधानी बरतने की अपील की। जिससे की इस दौरान किसी भी प्रकार की जन–धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि बालोद जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी नालों एवं नीचले इलाकों में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे कठिन समय में जिले के आमजनों से अपील की जाती है कि वे नदी नालों व जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें। सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में उस जगह को पार करने का जोखिम बिल्कुल भी ना उठाएं।

### कोबा में छात्राओं को दी गई साइकिल

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोबा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारी, सदस्य, पंच, गणमान्य नागरिक एवं पालकों के साथ बच्चे उपस्थित थे।

### डॉक्टरों के लिए किया गया कांफ्रेंस का आयोजन

**दुर्ग।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा आईएमए दुर्ग के डॉक्टरों के लिए कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमएमआई से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ देवरत्त हिशिकर और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेहिल गोस्वामी द्वारा उनकी विशेषता से जुड़ी चिकित्सा क्षेत्र में इलाज करने के नए तरीकों को संज्ञान में लिया। आईएमए दुर्ग के अध्यक्ष डॉ राजू भैसारे एवं सेक्रेटरी डॉ संतोष नशीने का कार्यक्रम में योगदान रहा। आईएमए के डॉ अजय गोवर्धन, डॉ अहमद हमदनी, डॉ सुधीर शुक्ला, डॉ शरद पाटनकर, डॉ अजय दानी, डॉ सूर्या प्रताप सक्सेना एवं डॉ जेपी मेश्राम आदि उपस्थित थे।

### पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन 15 सितम्बर तक

**दुर्ग।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा पद्म पुरस्कार की श्रृंखला में पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025 हेतु नामांकन प्रस्ताव 15 सितम्बर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। पुरस्कार के लिए नामांकित प्रस्ताव विभाग के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग को 30 सितम्बर तक आवेदन प्रेषित किये जाने के निर्देश है। पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री नामांकन प्रस्ताव संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छग रायपुर में 15 सितम्बर तक प्रेषित किये जाएंगे।

## मौसम

### जिले के कई स्थानों पर पानी भरने से लोगों को हो रही परेशानी

# दूसरे दिन भी जारी रही सावन की झड़ी
# दिनभर बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बीते सोमवार से लेकर मंगलवार देर रात तक बारिश का दौर चालू रहा। रिमझिम फुहारों के साथ जिले के चारों ब्लॉक में निरंतर बारिश होती रही। सावन के पहले दिन सोमवार जहां तेज बारिश होती रही, वहीं, मंगलवार को दिन भर रिमझिम फुहारों के साथ बरसात की झड़ी लगी रही, जो देर रात तक जारी रही। इस बीच जिले के कुछ हिस्सों में पानी भरने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार या बारिश लगातार तीन दिनों तक जारी रहने की भविष्यवाणी की गई है। वहीं, लगातार हो रही बारिश के कारण जिले में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। ज्यादातर लोग अपने-अपने घर या दुकानों में ही दिनभर दुबके रहे। बहुत जरूरी होने पर ही और दैनिक कार्यों के लिए निकले। वहीं, एक ओर जहां बारिश शुरू होने से किसानों में खेती-किसानी के कार्यों को लेकर उत्साह था, वहीं दूसरी ओर लगातार बारिश होने के कारण अब किसान भी परेशान हैं, क्योंकि खेतों में ज्यादा पानी भर जाने से काम में रूकावट आ रही है। इसके अलावा नदी-नालों का जलस्तर बढ़ना जारी है।

### जिले में अब तक 254.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

बता दें कि चालू बारिश सीजन के दौरान जिले में 01 जून से 23 जुलाई तक की स्थिति में सवेरे 8 बजे तक 254.2 मि.मी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 352.4 मि.मी. तथा न्यूनतम 179.8 मि.मी. वर्षा भिंभौरी तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 245.7 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 214.1 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 210.1 मि.मी., देवकर तहसील में 317.5 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 204.5 मि.मी., वर्षा नवागढ़ तहसील में 215.7 मि.मी. एवं साजा तहसील में 348 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।





## सिंघनपुरी के मुख्य मार्ग पर गहरा गड्ढा, गिरकर घायल हो रहे लोग



**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी के मुख्य मार्ग पर इन दिनों बारिश के पानी के लगातार जमाव के कारण सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया है। इसके कारण इस मार्ग से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। आए दिन इसमें गिरकर लोग घायल हो रहे हैं। फिर भी जिम्मेदार शासन-प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नही कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम मौहाभाठा से परपोड़ी के बीच सड़क मार्ग में अतरझोला के बाद सिंघनपुरी गाँव में पहुंचने पर सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर एवं खस्ताहाल है। समीप ही सुरही नदी के प्रवाहित होती है। वहीं, सड़क पर निरन्तर बरसाती पानी के बहाव होने से सड़क का करीब 50 मीटर लम्बा हिस्सा बड़ा से गड्ढे में तब्दील हो गया है। जहाँ से राहगीरों को गुजरने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल कई दर्जन लोग इस तालाबनुमा पानी से भरे सड़क के गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन है कि कुम्भकर्ण की नींद सोया हुआ है। चूँकि क्षेत्र में विगत तीन-चार दिनों से निरन्तर पानी बरस रहा है एवं गाँव मे बेहतर निकासी व्यवस्था नही होने से मुख्य मार्ग की सड़क पर यह परिस्थिति बन पड़ी है।

### लगातार शिकायत पर पहुंचे अफसर

ग्रामीणों व मुसाफिरों द्वारा लगातार शिकायत मिलने पर सोमवार को साजा तहसील प्रशासन की टीम मौके पर जायजा लेने पहुंची थी। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए अफसरों द्वारा जेसीबी से अस्थायी निकासी मार्ग बनाकर बरसाती पानी को सड़क से खाली किया जाएगा। फिर उक्त सड़क के गड्ढों पर मुरुम व अन्य मटेरियल भरकर क्षेत्र के स्थानीय आवागमन मार्ग को दुरुस्त किया जायेगा।

## देवरबीजा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भरा पानी



**बेमेतरा/देवरबीजा।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर एवं स्टेट हाइवे पर स्थित देवरबीजा के शासकीय नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगातार बारिश के कारण पर्याप्त निकासी व्यवस्था न होने पर अस्पताल परिसर में ही पानी भर गया है। इसके कारण उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को अव्यवस्थता के बीच ईलाज कराना पड़ रहा है।

बरसात में शासन-प्रशासन की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की वास्तविकता का पोल खोल रहा है। चूंकि देवरबीजा वर्तमान में उपतहसील मुख्यालय होने के कारण करीब दो-तीन दर्जन गांवों की निर्भरता यहां निरन्त बनी हुई रहती है जो अस्पताल परिसर पर भरे विशाल जलभराव को देखकर विभिन्न तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। दरअसल विगत तीन-चार दिनों से क्षेत्र में जबरदस्त वर्षा के कारण देवरबीजा सहित आसपास के ग्रामीण अंचल बारिश के पानी से तरबतर हो गया है। वहीं क्षेत्र के खेत-खलिहानों में लबालब पानी भर गया है। साथ ही नदी-नालों में भी जलस्तर के बढ़ने से उफान की स्थिति दिखाई पड़ रही है। चूंकि देवरबीजा मुख्यालय में जमकर बारिश से नाली-निकासी जाम हो गयी है, इसका नज़ारा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिखाई पड़ा। यहां परिसर के आसपास एवं अस्पताल के कुछ हिस्सों में काफी पानी जमा हो गया है। इसके कारण अस्पताल में दाखिल होने एवं आवागमन में परेशानी हो रही है। लोगों ने कहा कि इसी तरह कुछ दिन और बारिश होती रही, तो स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाएगी।

## 12वीं की हिन्दी विषय की पूरक परीक्षा में 140 परीक्षार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा 23 जुलाई मंगलवार विषय हिन्दी की पूरक सह अवसर परीक्षा आयोजित हुई है। कुल 8 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित हुई। कक्षा 12 वीं में कुल दर्ज 161 विद्यार्थियों में से 140 उपस्थित रहे वही 21 अनुपस्थित रहे।

कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा गठित निरीक्षण दल ने परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक है। परीक्षा शांतिपूर्ण से सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुई।



## जिले में हुआ शह-मात का खेल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में स्व ठा हरिहर सिंह चौहान, स्व मानकुमारी देवी चौहान की स्मृति में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मुख्यालय स्थित शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने किया। इस दौरान बेमेतरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घनश्याम सिंह तंवर, तहसीलदार परमानंद बंजारे मौजूद रहे।

चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पर बिलासपुर के मोबिन फारूकी रहे, उन्हें 12 हजार 1 रुपए नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर बिलासपुर के वैभव सिंह वर्मा रहे उन्हें 5100 रुपए व ट्राफी मिला । इसी तरह तृतीय स्थान पर बिलासपुर के ही रूपेश कुमार मिश्रा,चौथा स्थान योगेश देवांगन बिलासपुर से रहे, पांचवा अछत्त महोबिया रायपुर, छठवां पुरस्कार संस्कार कश्यप तखतपुर से,सातवा पुरस्कार छीतिज शर्मा रायपुर ने प्राप्त किए । इस अवसर पर जिला शतरंज संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा जिसमे उन्होंने जिले के खिलाड़ियों के लिए 100 शतरंज बोर्ड,100 चेस क्लॉक, व शतरंज खेलने के लिए जगह मुहैया कराया जाने की मांग रखी। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में दाऊराम चौहान जिला सचिव बेमेतरा शतरंज संघ लोकनाथ चंद्राकर, राजेंद्र द्विवेदी, अंश प्रताप सिंह, धनंजय शर्मा, राम सिंह पटेल, मोहन सिंह चौहान, वेंकटेश्वर दास मानिकपुरी ,दूजेंद्र सिंह गहरवार ,मुख्य निर्णायक में आर्बिटर गिरधरलाल देशमुख, आलोक सिंह, वैभव सिंह ठाकुर अंश ठाकुर धनंजय शर्मा जिला शतरंज संघ की समस्त पदाधिकारी एवम सहयोगी स्कूल के प्राचार्य संतराम साहू, अनूप वर्मा, चित्रेखा ठाकुर, मनोज बख्शी उपस्थित रहे।

## शाला भवन जीर्णोद्धार कार्य में लेटलतीफी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ साजा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बासीन का मामला

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरइएस) उपसंभाग साजा अंतर्गत स्कूल निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य मे देरी की वजह का खमियाजा इन दिनों ग्राम बासीन के प्राथमिक स्कूल के बच्चो को भुगतना पड़ रहा है। लिहाजा गाँव के नन्हे स्कूली बच्चे स्थानीय सामुदायिक भवन में अस्वच्छता, असुरक्षा एवं अव्यवस्थता के बीच पढ़ाई को मजबूर नज़र आ रहे हैं। जो ग्रामीणों को काफी झकझोर रहा है। बताया जा रहा है कि देवकर निकटस्थ बासीन गाँव में आरईएस विभाग द्वारा स्कूल भवन का पुनर्निर्माण कार्य काफी वक्त से कछुये की चाल से हो रहा है। इस अधूरे निर्माण की वजह से प्राथमिक स्कूल में अध्ययनरत उक्त निर्माणाधीन स्थल के पास में स्थित गाँव के सामुदायिक भवन पर आश्रित होकर पढ़ते देखे जा रहे हैं, जो शिक्षकों की सक्रियता एवं लापरवाही के कारण भवन के बाहर उछल कूद करते नज़र आ रहे हैं, जो उनकी सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहा है क्योंकि निकट ही सुरही नदी स्थित है। इसके अलावा इस अस्थायी पढाई में उपयोगी सामुदायिक भवन के बाहर गौठान होने से कीचड़, गोबर एवं ▶▶| शेष पेज 09 पर

### योजना के तहत दूसरे चरण के श्रद्धालुओं के बस को किया गया रवाना

## श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए जिले के 60 श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन भ्रमण हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में श्री रामलला दर्शन के दूसरे चरण में बेमेतरा जिले से 60 श्रद्धालुओं का चयन किया गया है, जो मंगलवार सुबह कलेक्टरेट परिसर से 60 तीर्थयात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के लिए रवाना हुआ। चयनित तीर्थ यात्रियों को बेमेतरा से दुर्ग बस से रवाना किया गया। दुर्ग रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा । इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा राम भक्तों को सुबह 8 बजे हरी झण्डी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है।




### आने-जाने व रहने खाने सारी व्यवस्था निःशुल्क

बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### शास्त्री बाजार में झोला बैग एटीएम का महापौर ने किया शुभारंभ

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई पहल की है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से सोमवार को झोला बैग एटीएम मशीन का महापौर एजाज ढेबर ने शुभारंभ किया। श्री ढेबर ने 10 रुपये का सिक्का मशीन में डालकर महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों के माध्यम से निर्मित कपड़े का बैग प्राप्त किया। दरअसल, दैनिक जीवन में पॉलीथिन का उपयोग बंद कर कपड़ा बैग का अधिक से अधिक उपयोग करने नगर निगम ने अभियान चलाया है।

### सरकारी कर्मी फिर हड़ताल की तैयारी में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने एक बार फिर कर्मचारियों अधिकारियों की मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। फेडरेशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत जिन मांगों को लेकर लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन अत्यंत खेद का विषय है कि राज्य शासन द्वारा अभी तक इन मुद्दों के निराकरण के लिए ठोस पहल नहीं की गई है। यह शासकीय सेवक हित में नहीं है। इसके कारण प्रदेश के शासकीय सेवकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में मुख्य सचिव को ज्ञापन दिया गया है।

### सहायक ग्रेड सहित नर्सिंग परीक्षाओं के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक ग्रेड-3 भर्ती परीक्षा के साथ ही नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा सहायक ग्रेड-3 के साथ ही पोस्ट बेसिक नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जुलाई को किया जाएगा। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट से प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर लिंक भी भेजा गया है। इसमें क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकते हैं।

### कलेक्टर ने आरटीई को प्रभावी बनाने ली बैठक



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट के रेडक्रॉस सभा कक्ष में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पिछले 5 वर्षों में ड्रॉपआउट हुए विद्यार्थियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से अध्ययनरत विद्यार्थियों के मन में निजी विद्यालयों के प्रति संतोषप्रद के संबंध में जानकारी ली।

# बिजली की खपत पर राहत की बारिश, डिमांड घटकर 47 सौ मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मानसून में मौसम की बेरुखी के कारण बिजली की खपत में जो गर्मी आ गई थी, उस पर सावन आते ही बारिश होने से पानी फिर गया है। जो खपत 58 सौ मेगावाट तक जा रही थी, वह घटकर अब 47 सौ मेगावाट हो गई है।

जहां तक अपने उत्पादन का सवाल है तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के संयंत्रों में महज 19 सौ मेगावाट के आस-पास उत्पादन हो रहा है। 210 मेगावाट के दो यूनिट खराबी के कारण अब तक बंद हैं। ऐसे में बिजली की आपूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज 25 से 27 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही है। मानसून के मौसम में दो दिन पहले तक ठीक से बारिश न होने का बड़ा असर बिजली की खपत पर दिख रहा था।

**11 सौ मेगावाट तक खपत कम होने से अब सेंट्रल सेक्टर से ले रहे 25 से 27 सौ मेगावाट बिजली**

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन इस समय संयंत्रों में उत्पादन महज 19 सौ मेगावाट हो रहा है। एक तो 210 मेगावाट के दो यूनिट बंद हैं। इसी के साथ अन्य संयंत्रों में क्षमता से कम उत्पादन हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज अलग-अलग समय में जरूरत के हिसाब से 25 से 27 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही है। कुछ दिनों पहले 35 से 37 सौ मेगावाट बिजली ले रहे थे।



ऐसे में उमस के कारण गर्मी की तरह ही एसी और कूलर लगातार चलने के कारण खपत का ग्राफ बढ़ गया था। एसी और कूलरों पर ही रोज की खपत हजार से 12 सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ इस समय बारिश न होने के कारण खेती-किसानी के लिए पानी की जरूरत होने पर प्रदेश भर के करीब छह लाख कृषि पंप भी लगातार चल रहे थे। कृषि पंपों पर भी रोज की खपत सात से आठ सौ मेगावाट है। ऐसे में मानसून के समय जो खपत चार हजार से कम होनी चाहिए, वह छह हजार के करीब पहुंच गई थी। बीते साल तो बारिश न होने के कारण खपत छह हजार मेगावाट के पार जा चुकी है। इस बार भी खपत के छह हजार मेगावाट के पार जाने की संभावना है, लेकिन इस समय सावन के आते बारिश होने के कारण फिलहाल खपत कम हो गई है। अब पीकआवर में खपत 47 सौ मेगावाट और सामान्य समय में खपत 42 से 45 सौ मेगावाट तक जा रही है।

## अमन साव 15 दिन में दूसरी बार गिरडीह से चाईबासा जेल शिफ्ट

# प्रोटेक्शन वारंट से बचने अमन साव जेलर की पत्नी पर हमला कराकर दूसरी जेल में हुआ शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शूट आउट कांड में शामिल नेक्सेस को तोड़ने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बावजूद इसके बदमाश पुलिस के साथ लुका छिपी का खेल, खेल रहे हैं। झारखंड जेल में बंद अमन साव से पूछताछ करने पुलिस उसे रायपुर लाने दो बार प्रोटेक्शन वारंट हासिल करने के बाद भी रायपुर नहीं ला पाई है। इसकी वजह बदमाश को जिस दिन रायपुर लाना रहता है, उसके एक दिन पूर्व अमन जेल में कोई आपराधिक घटना को अंजाम दे देता है, जिसकी वजह से उसे दूसरी जेल में शिफ्ट करना पड़ता है। अमन को रायपुर लाने पुलिस को नए सिरे से प्रोटेक्शन वारंट हासिल करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि 13 जुलाई को रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी पीआरए ग्रुप के दफ्तर के बाहर खड़ी कार में बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने घटना से जुड़े अब तक छह बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसमें घटना का मास्टर माइंड अमनदीप बाल्मीकि भी शामिल है। शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इसके लिए पुलिस की अलग-अलग टीम छापे की कार्रवाई कर रही है।

### आधा दर्जन टीम कई शहरों में कर रही छापे की कार्रवाई

पुलिस को आशंका है कि शूट आउट की घटना को अंजाम देने एक दर्जन से ज्यादा बदमाश शामिल हैं, जिनमें पंजाब, हरियाणा, झारखंड के बदमाश शामिल हैं। इसलिए पुलिस की कई टीमें बदमाशों की धरपकड़ के लिए झारखंड के साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में छापे की कार्रवाई कर रही है।

**अमन को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाने जेल डीजी को पत्र लिखने की तैयारी**

### अमन ने जेलर की पत्नी पर करवाया हमला

झारखंड जेल में बंद अमन साव को अपने प्रोटेक्शन वारंट में ले जाने की जानकारी पहले ही मिल जा रही है। इसी के चलते अमन ने प्रोटेक्शन वारंट से बचने रांची जेल में जेलर पर हमला किया। इसके बाद उसे गिरडीह जेल शिफ्ट किया गया। गिरडीह जेल से अमन को सोमवार को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाना था। इसकी भी जानकारी अमन को जेल में मिल गई। इसके बाद उसने जेलर की पत्नी पर हमला करा दिया, जिसके कारण अमन को रातों रात गिरडीह से चाईबासा जेल शिप्ट किया गया। इस तरह से अमन साव तीसरी दफा रायपुर पुलिस से बच निकला। इसीलिए पुलिस अमन को रायपुर लाने झारखंड के जेल डीजी को पत्र लिखने की बात कह रही है।


गैंगस्टर अमर ने हरियाणा के गिरोह को सौंपा था शूटआउट का जिम्मा, छह धरे गए, शूटर अभी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शूटर तीन दिन पहले पहुंचे यहां

शूटआउट करने वाले बदमाशों की पहचान

एक-दूसरे से रायपुर में हुई पहचान

चार राज्यों में सक्रिय वसूली गैंग

*पूर्व में छोटे-मोटे कंस्ट्रक्शन कारोबारियों से लेवी*

*पुलिस के अनुसार अमन साव का गैंग झारखंड में पूर्व में छोटे-मोटे सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को धमकाकर वसूली करने का काम करता था। इसके बाद वह अपने गुर्गों की मदद से बड़े कंस्ट्रक्शन ग्रुप तथा कोल कारोबार से जुड़े कारोबारी समूह से लेवी वसूली करने का काम करने लगा। इसी कड़ी में अमन साव का गैंग पिछले तीन साल में रायपुर तथा कोरबा के चार कारोबारी समूह से लेवी वसूली करने तीन बार फायरिंग की घटना को अंजाम देने के साथ एक बार शूट आउट करने के पूर्व पकड़ा गया।*

*60 करोड़ में हुई थी डील : आरोपियों से पुलिस पूछताछ में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक अमन साव ने कारोबारी से ग्रुप से 60 करोड़ रुपए मांगे थे। साथ ही अमनदीप को रायपुर में शूट आउट की घटना को अंजाम देने के लिए सात लाख रुपए में सुपारी दी थी, जिसमें से एक लाख रुपए शाहिद ने शूटर के अकाउंट में ट्रांसफर कराया था। शेष रकम किनको कितनी मिलनी थी, पुलिस इस बात की जांच कर रही है।*

### शूटर हासिल करने हरियाणा के बदमाश को जोड़ा

पुलिस के अनुसार झारखंड में कुछ कोल काराबारियों से लेवी वसूली में सफलता पाने के बाद अमन को अपने गैंग को बढ़ाने तथा लेवी देने से इनकार करने वाले कारोबारी समूह में खौफ पैदा करने के लिए शूटरों की जरूरत थी। इसके लिए उसने हरियाणा के बदमाश अमनदीप तथा कथित तौर पर मलेशिया में बैठे छद्म नाम के बदमाश मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा और राजस्थान के बदमाश पप्पू सिंह को अपने गैंग में शामिल किया। पुलिस के अनुसार हरियाणा, पंजाब तथा राजस्थान में आसानी से शूटर मिल जाते हैं, इसलिए अमन ने इन राज्यों के बदमाशों को अपने गैंग में शामिल किया।

## ऑनलाइन मोड में पढ़ाई

# कल दो दर्जन स्कूल बंद रखने की तैयारी, 15 हजार छात्र होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस का विधानसभा घेराव कल, बैरिकेडिंग सहित कई बंदोबस्त आज से ही
- विधानसभा रूट पर एक दर्जन बड़े और लगभग एक दर्जन मंझोले स्कूल

जिले के दो दर्जन स्कूल कल बंद रह सकते हैं। ये वे स्कूल हैं, जो विधानसभा मार्ग पर स्थित हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा बुधवार को किए जा रहे विधानसभा घेराव को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। स्कूल प्रबंधन द्वारा मंगलवार को बैठक के बाद अंतिम निर्णय लेकर पालकों को इस संदर्भ में सूचित किया जाएगा। विधानसभा मार्ग पर लगभग दो दर्जन निजी स्कूल हैं। इनमें से एक दर्जन बड़े निजी स्कूल हैं तथा शेष एक दर्जन मंझोले स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 15 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

इन स्कूलों में आरके शादडा, ब्राइटन, डीपीएस, ज्ञान गंगा, प्ले होम हाइट्स, आरंभ जैसे अधिक छात्र संख्या वाले स्कूल भी छात्र हैं। इन स्कूलों की बसें उसी मार्ग से होकर गुजरती हैं, जहां कांग्रेसियों को विधानसभा घेराव से रोकने बैरिकेट्स लगाए जाएंगे। इससे बचने के लिए स्कूलों को शंकर नगर मार्ग से बसें लानी- ले जानी होगी। यह रूट अत्यधिक लंबा पड़ेगा। छुट्टी के बाद छात्रों को घर पहुंचने में भी विलंब होगा। इसके अलावा अन्य किसी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए बुधवार को स्कूल बंद रखने का निर्णय अधिकतर प्रबंधन द्वारा लिया गया है।

### स्कूल छूटने तक इंतजार का आग्रह

मंगलवार को ही बैरिकेट्स लगा दिए जाएंगे। हमने प्रशासन से मांग की है कि मंगलवार को स्कूल छूटने के बाद घेराबंदी की जाए, ताकि बच्चे तय वक्त पर घर पहुंच सकें।

- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन

### निर्धारित वक्त में कोर्स करना है पूर्ण

स्कूलों में बुधवार को ऑनलाइन मोड में पढ़ाई कराई जाएगी। विधानसभा मार्ग में स्थित अधिकतर स्कूल सीबीएसई संबद्ध हैं। बोर्ड द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार टेस्ट, प्रायोगिक परीक्षाओं सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियां पूर्ण करनी होती है। समय पर कोर्स पूरा करने के लिए स्कूलों द्वारा ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया गया है। शाला प्रबंधन का कहना है कि गर्मी के कारण अप्रैम में कक्षाएं पहले ही बंद कर दी गई थीं। इसके अलावा जुलाई में भी निर्धारित तिथि से बाद में शाला प्रारंभ हुए। इसके कारण पहले ही छात्रों की पढ़ाई का नुकसान हो चुका है।

# डीएड बीएड प्रशिक्षितों ने विधानसभा घेरने निकाली रैली, पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से विधानसभा घेराव के लिए रैली निकाली। इस दौरान पुलिस बल ने सुरक्षा के लिहाज से प्रदर्शनकारियों को 200 मीटर आगे बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया।

अभ्यर्थी प्रदेशभर में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की मांग को लेकर घंटों नारेबाजी करते रहे। धरना स्थल पर प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में डीएड-बीएड प्रशिक्षित प्रदेश व्यापी आंदोलन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान धरना स्थल पर खासी रौनक देखने को मिली। वहीं 18 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सोमवार से 2 दिवसीय धरना प्रदर्शन का आगाज किया।

### 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त भर्ती नहीं, अभ्यर्थी बिफरे

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर एकदिवसीय धरना व विधानसभा का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि प्रदेश के स्कूलों में 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त होने के बाद भी प्रदेश सरकार ने अब तक शिक्षकों की भर्ती को लेकर कोई पहल नहीं की, जबकि प्रदेशभर में डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी इसके लिए एक अरसे से इंतजार कर रहे हैं। उनका ये कहना था कि प्रदेश में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है, नई शिक्षा नीति 2020 को साय सरकार ने लागू करने का एलान किया है, लेकिन चिंता का विषय यह है कि प्रदेश के स्कूलों में अभी भी 60000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है। जिसकी जानकारी विधानसभा के मुख्य बजट के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने देते हुए शिक्षकों के 33 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा



विधानसभा के माध्यम से की थी।,पर विधानसभा के मुख्य सत्र के दौरान की गई घोषणा पर आज तक प्रदेश सरकार ने कोई भी पहल नही की है। न उन पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के 78,000 से ज्यादा पद रिक्त है किंतु विधानसभा मे केवल 57,000 का आंकड़ा प्रस्तुत किया है। प्रदेश में 6 हजार से ज्यादा ऐसे स्कूल है जहां केवल एक शिक्षक है। 700 से ज्यादा ऐसे स्कूल है जहां शिक्षक ही नही है। हमारी मांग है कि 33 हजार शिक्षकों के पदों पर भर्ती तत्काल प्रारम्भ हो। शिक्षक व व्याख्याता के पदों में वृद्धि हो, व्यायाम शिक्षक व लाइब्रेरियन के पदों को वृद्धि कर उन पदों में भर्ती हो, नई शिक्षा नीति अंतर्गत छत्तीसगढ़ी भाषा शिक्षा के लिए इन विषयो में पद सृजित कर पीजी डिप्लोमा धारी की नियुक्ति स्कूलों में कई जाए।



*संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया धरना, घंटों की नारेबाजी : तूता के धरना स्थल पर नियमितीकरण, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, वेतन विसंगति दूर करने सहित 18 सूत्रीय मांग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन किया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी शामिल हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदेश भर से राजधानी में जुटे हैं।*

# गूगल रिव्यू, शेयर ट्रेडिंग के जालसाज छत्तीसगढ़ के अकाउंट के साथ ही सिम का कर रहे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निम्न आय वर्ग के लोगों को पैसों का लालच देकर बैंक में अकाउंट खुलवा रहे

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज कार्पोरेट ग्रुप की तरह गैंग बनाकर लोगों के साथ ठगी की घटना कर रहे हैं। पुलिस ने जालसाजों को फर्जी सिम बेचने के आरोप में दुर्ग के जिस युवक को गिरफ्तार किया है, उससे पूछताछ में पुलिस को इसकी जानकारी मिली है।

साइबर पुलिस के मुताबिक जालसाजों के पास छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों से सिम पहुंचने की जानकारी मिली है, जिनमें से 66 सिम जालसाजों के पास पहुंचे जाने की बात सामने आ रही है। इसके अलावा ढाई सौ सिम की पुलिस जांच कर रही है। इसी तरह से जालसाज छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों के निम्न आय वर्ग के लोगों के नाम से अकाउंट खुलवाकर उनके अकाउंट को ठगी की रकम जमा करवाने के साथ आहरण करने में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### ज्यादातर बैंक अकाउंट सरकारी बैंकों के

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह ठगी करने जिन बैंक अकाउंट का उपयोग कर रहे हैं, उसके लिए जालसाज सरकारी बैंकों में अकाउंट खुलवा रहे हैं। सरकारी बैंकों में अकाउंट खुलवाने की वजह लोगों को जालसाजी की भनक नहीं लगे, इस वजह से जालसाज सरकारी बैंक अकाउंट ठगी के लिए उपयोग कर रहे हैं।


वाट्स एप ग्रुप बनाकर ऑनलाइन ट्रेडिंग की जानकारी देने के बहाने लूट रहे जालसाज

### शेयर फ्रॉड आर्गेनाइज्ड क्राइम

पुराने कानून में संगठित अपराध के लिए अलग से कोई धारा नहीं होने के साथ सजा का प्रावधान नहीं था। नए बीएनएस कानून में साइबर फ्रॉड को संगठित अपराध की श्रेणी में रखते हुए सख्त सजा का प्रावधान है। ऐसे में ठगी के आरोप में पकड़े जाने वालों के साथ ही जालसाजों को खाता, सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले तथा खाताधारक भी आरोपी बनेंगे।

### रायपुर में 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छह माह के भीतर शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने के नाम पर एक दर्जन से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार जालसाज शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रायपुर जिले में 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। ठगी का शिकार होने वालों में ज्यादातर कारोबारी के साथ ही नौकरी पेशा वर्ग के लोग शामिल हैं।

### कई नेटवर्क से होकर पहुंच रहा अकाउंट के साथ सिम

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू के नाम पर ठगी करने वालों के पास बैंक अकाउंट, सिम कार्ड कई नेटवर्क से होते हुए पहुंचता है। पुलिस के अनुसार जालसाजों को सिम तथा बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने वाली एक अलग टीम रहता है, जिसका काम घूम-घूमकर बैंक अकाउंट तथा सिम कलेक्ट करना रहता है।

### अकाउंट खुलवाने पांच से दस हजार का लालच

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गरीब तबके के लोगों को पांच से दस हजार रुपए देने का लालच देकर उनके नाम से बैंक में अकाउंट खोलवा रहे हैं। अकाउंट खुलवाने के बाद खाताधारक के बैंक पासबुक, एटीएम तथा चेकबुक अपने पास रख जालसाजों तक पहुंचाने का काम करते हैं।

### ठगी कहीं और से, आहरण किसी दूसरी जगह से


पुलिस के अनुसार जालसाजी करने वाले जालसाज ठगी करने की घटना को अंजाम देने के बाद अलग-अलग लोगों के नाम से खरीदे गए अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराने का काम करते हैं। इसके बाद अकाउंट में ट्रांसफर रकम को तत्काल बाद किसी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद कई चैनलों से रुपए आहरण कर ठगी करते हैं। इसके चलते जालसाजों के पकड़े जाने के बाद भी रुपए रिकवर नहीं हो पाता।

## अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. मिश्रा की शिव महापुराण कथा 25 से

# शिव महापुराण कथा के लिए ट्रैफिक पुलिस का पार्किंग रुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छह दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन जयंती स्टेडियम भिलाई में आयोजित किया गया है। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) द्वारा कथा सुनाया जाएगा। इसके के लिए ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए पार्किंग रुट तैयार किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि शिव महापुराण कथा के दौरान लाखो की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा श्रद्धालुओं के सुगमता व सुरक्षित ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव की ओर से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए मार्ग,पार्किंग, डायवर्सन प्लान तैयार किया गया है। जिसमें रायपुर, चरोदा, भिलाई तीन की ओर से आने वाले वाहन चालक टाटीबंध. कुम्हारी,पावर हाउस चौक, पावर हाउस अण्डर ब्रिज, मूर्गा चौक,बेरोजगार तिराहा , सेक्टर 6 पुलिस ग्राउण्ड (पार्किंग), कथा स्थल





(पैदल ), बेमेतरा, धमधा दुर्ग की ओर से धमधा, धमधा नाका ओवर ब्रिज, ग्रीन चौक, राजेन्द्र पार्क, वाय शेप ब्रिज, सेक्टर 9 चौक, ग्लोब चौक सेक्टर 6 पुलिस ग्राउण्ड (पार्किंग), कथा स्थल (पैदल), राजनांदगांव, बालोद वाले राजनांदगाव बालोद, पुलगांव चौक, जेल तिराहा, डीपीएस चौक, भिलाई निवास कटिंग, हेलीपेड ग्राउण्ड फुटबाल ग्राउण्ड (पार्किंग ), कथा स्थल (पैदल ), धमतरी, पाटन उतई, उतई तिराहा ,डीपीएस चौक, भिलाई निवास कटिंग, हेलीपेड ग्राउण्ड/फुटबाल ग्राउण्ड (पार्किंग ), कथा स्थल (पैदल ), व्हीआईपी पास वाले वाहन अपने वाहन बेरोजगार तिराहा से प्रवेश कर वाहन शहीद पार्क के सामने पार्किंग करेगें। उतई तिराहा से जवाहर उद्यान चौक तक प्रतिबंधित होगा। जयंती स्टेडियम कटिंग फारेस्ट एवेन्यू मार्ग से कार्यक्रम स्थल जयंती स्टेडियम तक पैदल आना जाना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार का भारी वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# शिक्षक पर छात्र को पीटने का आरोप, उधर स्कूल ने कहा- गलती छिपाने झूठी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली हाट्र्स स्कूल में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने स्कूल के एक शिक्षक पर छात्र को पीटने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। वहीं शाला प्रबंधन का कहना है कि उस छात्र द्वारा अपने शिक्षक को अपशब्द कहे गए थे। इसके बाद छात्र ने गलती स्वीकारते हुए लिखित माफी भी मांग ली। अब छात्र द्वारा पिटाई करने संबंधित झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। घंटेभर से अधिक समय तक शाला परिसर में नारेबाजी चलती रही। छात्रसंगठन के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किए गए। हल्की झूमाझटकी की भी स्थिति इस दौरान निर्मित हुई। एबीवीपी का कहना है कि इस घटना से स्कूल में छात्रों की सुरक्षा के प्रति गंभीर चिंता पैदा हो गई है। छात्र संगठन ने इस घटना में शामिल शिक्षक के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की है। एबीवीपी के



प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा, 10वीं कक्षा के 15 वर्षीय विद्यार्थी को मारना निंदनीय है। बालक की मां ने बताया कि उनका बच्चा आत्महत्या करना चाह रहा था और घर में लगातार रो रहा था। स्कूल प्रशासन अगर कढ़ी कार्यवाही नहीं करती है, तो हम कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने सहित लगभग 50 कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल रहे।

*हमसे संपर्क नहीं : पालक ने हमसे संपर्क नहीं किया। सीधे छात्र संगठन से बात की, जबकि इस तरह की कोई घटना कैंपस में घटित ही नहीं हुई है। - आशुतोष सिंह, प्रबंधक, होली हाट्र्स स्कूल*

## खबर संक्षेप

### पायलेट कल आएंगे



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलेट विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में हिस्सा लेने 24 जुलाई को रायपुर आएंगे। हालांकि उनका कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। वहीं प्रदेश के प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, विजय जांगिड़ 23 जुलाई को ही सुबह रायपुर पहुंच रहे हैं। वे यहां पर राजीव भवन में विधानसभा घेराव की तैयारियों के संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और प्रभारियों से चर्चा करेंगे। दोनों नेता मंडीगेट के पास से होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर शाम दिल्ली लौट जाएंगे।

### मंडी बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रातांध्यक्ष बने पोर्ते



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ के चुनाव में डॉ. मालिकराम पोर्ते को प्रातांध्यक्ष और नंदकिशोर सोनी को प्रांतीय सचिव चुना गया। बोर्ड कर्मचारी संघ के चुनाव में प्रातांध्यक्ष के लिए चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान पर थे। इसमें मालिक राम पोर्ते को सबसे अधिक मत मिले। वहीं सचिव पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान पर थे, उनमें नंद किशोर सोनी ने जीत दर्ज की है।

### 121 आश्रम-छात्रावास भवन निर्माण होंगे

**रायपुर।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री राम विचार की पहल पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 121 आश्रम-छात्रावास भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश के विभिन जिलों में 211 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आश्रम-छात्रावास भवनों का निर्माण होगा। इससे प्रदेश के हजारों बच्चों को शिक्षा सह-आवासीय सुविधा सुलभ होगी।

### नकली सोना बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** फर्जी आधार कार्ड से ज्वेलर को ठगने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4), 336(3), 337, 339 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ज्वेलरी संचालक सुभाष संचेती ने 18 जुलाई को शिकायत किया था कि शॉप में रीमा देवी नामक महिला सोने की अंगूठी और चुड़ी खरीदने के लिए पहुची थी। अपने साथ महिला बंथेल सोना (कुछ सोना बाकि अन्य सस्ती धातु)लेकर आई थी। जिसे 2 लाख 18 हजार रूपये में बेचकर 2 लाख 15 हजार में अंगूठी, चुड़ी खरीदकर फर्जी मोबाइल नंबर, आधार कार्ड देकर फरार हो गई थी। जब संचालक ने जेवरात को चेक किया तो सोना नकली निकला था। पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान सुमीत ज्वेलर्स दुर्ग में महिला मिली जो संदिग्ध दिख रही थी। टीम ने पूछताछ करना शुरु किया लेकिन महिला ने संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उसे थाने लाकर पूछताछ किया गया। सीसीटीवी फुटेज से मेल खाने पर महिला को पकड़ा गया।

### होटल गारनेट में लगी आग

**भिलाई।** होटल गारनेट इन में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई थी। आग लगने से पूरा होटल धुंए के गुबार में डूब गया। होटल में रुके लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सूचना पर मौके में फायर ब्रिगेड की टीम पहुच गई। घटना दुर्ग स्टेशन रोड पर स्थित तरुण टाकीज के सामने होटल गारनेट इन की है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर सूचना मिलने पर होटल गारनेट इन फायर ब्रिगेड की टीम पहुची।

## पेज 7 का शेष

### शाला भवन ...

गन्दगी का भयंकर कष्टमय वातावरण है, जिसके बीच रहकर शिक्षकों व बच्चों को बैठना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि इस अव्यवस्था के बीच वक्त निकालकर डीएम, डीईओ अथवा एसडीएम को स्वंय आकर मौके स्थल का निरीक्षण कर हालात का जायजा लेनी चाहिए। साथ ही धीमी गति से स्कूली भवन का निर्माण कर रहे जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिये।

# चिट्ठी व स्पीड पोस्ट के साथ डाक कर्मी 11 शिवालयों में पहुंचा रहे गंगोत्री का गंगाजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

डाक विभाग अब सिर्फ चिट्ठी व स्पीड पोस्ट पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने तक सीमित नहीं है। महकमे ने लोगों को डाकघरों से जोड़े रखने के लिए कई जतन किए हैं। इनमें सबसे कारगर प्रयोग डाकघरों से गंगोत्री के गंगाजल की बिक्री भी शामिल है। अब लोग पत्र व्यवहार या स्पीड पोस्ट करें या नहीं, लेकिन आस्था से जुड़े गंगाजल को लेने के लिए काउंटर तक पहुंच रहे हैं। इस सावन में रायपुर डिवीजन के 11 शिवालयों में डाक कर्मी भक्तों को गंगाजल उपलब्ध कराने सुबह 7 से शाम 5 बजे तक हर सोमवार को स्टाल भी लगा रहे हैं।

## आस्था में सहयोग के लिए रायपुर डिवीजन के 78 डाक काउंटर से बेच रहे गंगाजल

### ऋषिकेश के गंगाजल की आपूर्ति बंद

विभाग करीब 3 साल पहले तक काउंटर से ऋषिकेश से गंगाजल मंगाकर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभा रहा था। इसकी आपूर्ति संबंधित एजेंसी ने बंद कर दी है। विभाग ने इसकी आपूर्ति के लिए कई बार डिमांड की, लेकिन कोई रिस्पॉस नहीं मिलने से अब सिर्फ गंगोत्री से आपूर्ति होने वाले गंगाजल को ही लोगों तक पहुंचा रहा है। विभाग ने सावन में मंदिरों के पास कैम्प लगाने के लिए डाक कर्मियों को जिम्मेदारी दी है। पहले सोमवार को सैकड़ों लोग इसे खरीदने पहुंचे।



### मिल रहा अच्छा रिस्पांस

लोगों को डाक काउंटर से जोड़े रखने के लिए विभाग द्वारा शुरू की गई गंगाजल उपलब्ध कराने की पहल का अच्छा रिस्पॉस मिल रहा है। गंगाजल के 250 एमएल की बोतल को 30 रुपए में 78 डाकघरों सहित 11 प्रमुख शिवालयों में कैम्प लगाकर उपलब्ध कराने डाक कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है।

*- हरीश महावर, प्रवर डाक अधीक्षक, रायपुर संभाग*

### स्टाल पर्याप्त, बाजार से रेट कम

पूजा सामान बेचने वाले 250 एमएल बॉटल जहां 40 से 50 रुपए में बेचते हैं, वहीं गंगोत्री का गंगाजल डाकघर से सिर्फ 30 रुपए में भक्तों को मिल जाता है। विभाग से लगाव के लिहाज से लोग डाकघर से मिलने वाले गंगाजल की शुद्धता पर भरोसा करते हैं। सावन के पहले सोमवार को रायपुर डिवीजन में 4400 बॉटल गंगाजल उपलब्ध कराया गया।

### इन शिवालयों में लगाया कैम्प

रायपुर संभाग के भुतेश्वर नाथ महादेव गरियाबंद, कुलेश्वर महादेव राजिम, गंधेश्वर शिव मंदिर सिरपुर, महादेव घाट शिव मंदिर कनेकेरा भी डाक कर्मी बैठने लगे हैं। वहीं शिद्धेश्वर मंदिर पलारी, शिव मंदिर बलौदाबाजार में भी कैम्प लगाकर लोगों को गंगाजल उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके अलावा महादेव घाट रायपुर, शिव मंदिर पुरानीबस्ती, बोहरही धाम पलारी, बंजारी धाम रावांभाठा, महादेव मंदिर भाठापारा में कर्मचारी ड्यूटी टाइम में गंगाजल लेकर स्टाल में हर सोमवार को बैठने लगे हैं।

डाक विभाग अब हर साल 12 से 15 हजार बोतल गंगाजल 343 डाकघरों से बेच रहा है। इससे भक्तों का रुझान डाकघरों से बढ़ा है। ऐसा इसलिए भी हो रहा क्योंकि यहां हर वर्ग को जोड़ने के लिए गंगोत्री के गंगाजल को इस सावन में भी लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष कैम्प लगाना शुरू किया है। वहीं इस बार रायपुर डिवीजन के 78 डाकघरों से सामान्य दर पर गंगाजल मिलने और शुद्धता के साथ विभाग से जुड़े भरोसे के आधार पर लोग खरीद भी रहे हैं। इसके लिए इस सावन में विभाग ने डिवीजन के डाकघरों के साथ ही 11 शिवालयों में विशेष कैम्प लगाना शुरू किया है। इसके लिए डाक कर्मियों को सुबह से शाम तक गंगाजल लेकर बैठाने के लिए ड्यूटी लगाई गई है, ताकि जो लोग डाकघर नहीं आते है। ऐसे भक्तों को मंदिर के बाहर गंगाजल उपलब्ध कराया जा सके।

# राशन दुकान संचालकों की मनमानी बढ़ी सूचना चस्पा किए बगैर बंद रख रहे दुकानें

## समय पर भी नहीं खुलतीं, हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर में उचित मूल्य के राशन दुकान संचालक अब मनमानी पर उतर आए हैं। बिना सूचना चस्पा किए (जारी) किए दुकानों को कार्यदिवस पर भी बंद रखने लगे हैं, जिसके कारण हितग्राहियों को दुकानों के बाहर घंटों इंतजार करने के बाद लौटना पड़ रहा हैं। रविवार को शहर के अमलीडीह, महावीर नगर, तेलीबांधा, देवपुरी इलाकों में संचालित आधा दर्जन से ज्यादा राशन दुकानें बंद थीं। इन दुकानों के बंद होने के कारण कार्ड धारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसकी सूचना तक संचालकों ने दुकान के बाहर चस्पा नहीं की थी, जिसके कारण कार्ड धारक इन दुकानों का बार-बार चक्कर लगाते रहे, वहीं कई हितग्राही दुकानों के बाहर खुलने का घंटों इंतजार करते खड़े होकर परेशान होते रहे। इधर इस मामले में क्षेत्र की खाद्य विभाग की इंस्पेक्टर पुष्पा चौधरी ने बताया कि सभी दुकान संचालकों ने अलग-अलग कारण से एक दिन का अवकाश की मांग की थी, लेकिन उन्होंने अमलीडीह-महावीर नगर की दो दुकानों को आधे दिन के लिए ही अवकाश स्वीकृत किया था। इसके बाद भी अगर दुकानें खोली नहीं गई हैं, तो इस मामले में नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा।

**केस 1**

दुर्गानगर निवासी लक्ष्मी झरिया ने बताया कि उसका कार्ड अमलीडीह शासकीय स्कूल के पास संचालित राशन दुकान क्रमांक-441001115 में पंजीकृत किया है। हर महीने वह इसी दुकान से राशन लेती है, लेकिन यह दुकान बहुत कम समय पर खुलती है, जिसके कारण कई बार उसे वापस लौटना पड़ता है। रविवार छुट्टी का दिन होता है, इसलिए वह राशन लेने पहुंची, लेकिन दुकान बंद मिला। एक घंटे इंतजार करने के बाद अब वह वापस जा रही है।




**केस 2**

फुंडहर निवासी सुकरी बघेल ने बताया कि वह सुबह 9.30 बजे राशन लेने के लिए दुकान आईडी 441001115 व 441001184 के बाहर खड़ी है। दोपहर 12 बज गए हैं, लेकिन दोनों दुकानें अब तक खुली नहीं हैं। उन्होंने बताया कि फुंडहर राशन दुकान भी समय पर न खुलती है न बंद होती है, उपर से अगर किसी महीने राशन लेने जाओ तो संचालक द्वारा चावल व शक्कर नहीं है बताकर वापस लौटा देता है।

### अमलीडीह क्षेत्र में 4 दुकानें, सभी बंद रहीं, दिनभर भटकते रहे हितग्राही

जोन-10 अंतर्गत अमलीडीह क्षेत्र में उचित मूल्य की 4 दुकानें हैं। इनमें दो नई दुकानें शामिल है। ये चारों दुकानें रविवार को बंद रही। इन दुकानों के बाहर एक दिन दुकान बंद रहेगी इसकी कोई सूचना भी चस्पाई नहीं गई थी। इसके कारण इस क्षेत्र के कार्ड धारकों के अलावा दूसरे क्षेत्र के कार्ड धारक भी चारों दुकानों का चक्कर लगाते हैं। इनमें पुरानी दो दुकानें के बाहर तो हितग्राहियों की भारी भीड़ लगी रही, जो दुकानों के खुलने का इंतजार कर रहे थे। कई हितग्राही तो सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक दुकान खुलने का इंतजार करते हैं। हरिभूमि ऐसे कई हितग्राहियों से बातचीत भी की जो दुकान खुलने का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान हितग्राहियों ने राशन दुकान संचालकों के मनमाने तरीके से समय पर दुकानें नहीं खोलने तथा बंद रखने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

### नोटिस तक चस्पा नहीं करते संचालक

इसलिए घंटों इंतजार करते हैं हितग्राही विभाग की गाइड लाइन के अनुसार प्रत्येक राशन दुकान संचालक को अवकाश का दिन सोमवार को छोड़कर अन्य किसी भी दिन दुकान बंद रखनी है तो इसके लिए विभाग से अनुमति लेना होता। अनुमति मिलने के बाद संचालक को दुकान के बाहर अवकाश की तारीख के दिन दुकान बंद रहेगी। इसकी सूचना दुकान के बाहर चस्पाना अनिवार्य होता है, लेकिन संचालक इस नियम का पालन भी नहीं कर रहे हैं। इसके कारण हितग्राहियों को दुकान पहुंचने के बाद भी यह पता नहीं चल पाता है कि दुकान आज नहीं खुलेगी। इस कारण हितग्राही भी दुकान खुलने की उम्मीद लेकर घंटों इंतजार करते रहते हैं।

**केस 3**

फुंडहर निवासी सुकंतीन बाई ने बताया कि फुंडहर राशन दुकान बहुत कम खुलती है। पिछले 3-4 दिन दुकान खुली ही नहीं है। इसके कारण उसे अमलीडीह क्षेत्र आना पड़ा, लेकिन यहां आना भी व्यर्थ गया, क्योंकि इस क्षेत्र की भी सारी दुकानें बंद मिली।

**केस 4**

अमलीडीह राशन दुकान का खुलने का इंतजार कर रहे न्यू राजेंद्र नगर निवासी रमेश सोनी ने बताया कि वह भी सुबह 10 बजे से दुकान खुलने का इंतजार कर रहा है, लेकिन अब 11.55 मिनट हो चुका है पर दुकान अब तक नहीं खुली है। दुकान खुलेगी या नहीं इस संबंध में कोई सूचना भी दुकान के बाहर चस्पाई नहीं गई है।

# सावन के पहले दिन झड़ी, प्रभावित रहा जनजीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीजापुर, सुकमा के बाद बालोद ज्यादा वर्षा के श्रेणी में

काफी सालों बाद सावन के पहले दिन लगी झड़ी ने राजधानी के लोगों को सुखद अहसास कराया। हल्के से मध्यम रूप में लगभग दिनभर हो रही बारिश के जनजीवन प्रभावित सा नजर आया है। लगातार बारिश की वजह से बीजापुर, सुकमा के बाद बालोद जिला भी ज्यादा बारिश वाले जिलों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

प्रदेश के 17 जिले अब सामान्य बारिश की स्थिति में आ चुके हैं और रायपुर जिले में अगले एक दो दिन वर्षा की गतिविधि रही तो वह भी कमी की स्थिति से उबर सकता है। सोमवार को सावन के पहले दिन सुबह से बारिश का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक हल्के से मध्यम रूप में अपना असर दिखाता रहा है। कभी कम तो कभी ज्यादा वर्षा की वजह से लोग रेनकोट पहनकर ही आवाजाही करते रहे। सुबह से बारिश होने की वजह से रायपुर का अधिकतम तापमान लगभग चार डिग्री तक नीचे जाकर 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में लगभग 23 मिमी. बारिश हुई। अगले चौबीस घंटे में भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार चौबीस घंटे में भैरमगढ़ में 14 सेमी., चारामा, भानुप्रतापपुर, कुटरू, लवन में 10, बीजापुर, बड़े बचेली, दोरनापाल में 9, पाटन, गरियाबंद, सुकमा सहित कई इलाकों में आठ सेमी. तक बारिश हुई। अगले चौबीस घंटे में बिलासपुर और उससे लगे सरगुजा संभाग में भारी बारिश होने की संभावना है।

# मानसून सत्र को लेकर एक बार फिर भाजपा विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति

**सत्र के पहले ही दिन मुख्यमंत्री निवास पर रात को हुई बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद एक बार फिर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक में मानसून सत्र के साथ ही विपक्ष के सवालों का जवाब देने को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी शामिल हुए।

विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ है। कांग्रेस ने सत्र के बीच में ही 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव भी करने का फैसला किया है। इस सत्र में आगे के






दिनों की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री निवास में रात को विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप सहित भाजपा के सभी विधायक शामिल हुए। इसमें आगे के सत्र को लेकर रणनीति बनाई गई।

सत्र में क्या-क्या होना है, इसको लेकर चर्चा के साथ विपक्ष द्वारा किए जाने वाले सवालों को लेकर भी तैयारी की गई। विपक्ष किस मामले में क्या कर सकता है, किस मामले में हंगामा होगा, किस मामले में स्थगन प्रस्ताव आ सकता है, इन सब मामलों में क्या-क्या करना है, इसको लेकर रणनीति बनी। इसी के साथ तय किया कि किस मामले में किनको बोलना है। मंत्रियों के अलावा विधायकों की भी जिम्मेदारी तय की गई।

# जोन कमिश्नरों का तबादला, 10 में 5 जोन के कमिश्नर बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव से पहले जोन कमिश्नरों का तबादला हुआ है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस आशय का आदेश सोमवार को जारी किया है। आदेश के मुताबिक जोन 3,4,7 और 8 में पदस्थ कमिश्नरों को दूसरे जोन में पदस्थापना दी गई है। इसके अलावा निगम में पदस्थ एक उपायुक्त को जोन 8 में बतौर जोन कमिश्नर पदस्थापना दी गई है। आदेश के मुताबिक जोन 7 में पदस्थ जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बांबरा को जोन 3, जोन 8 में पदस्थ जोन आयुक्त अरुण ध्रुव को जोन 4 और जोन 3 की आयुक्त प्रीति सिंह को जोन 7, जोन 4 के जोन आयुक्त राकेश शर्मा जोन 10 में नवीन पदस्थापना दी गई है। वहीं नगर निगम मुख्यालय में पदस्थ उपायुक्त एके हालदार जोन 8 में जोन आयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है।




### निर्वाचन जनगणना का प्रभार कृष्णा खटिक को


नगर निगम के उपायुक्त कृष्णा खटिक को निर्वाचन और जनगणना का प्रभार दिया गया है। जन्म मृत्यु और विवाह पंजीयन का प्रभार नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को सौंपा गया है। इसके साथ जोन 6 के जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल को जोन 10 के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। वे पहले की तरह जोन 6 कमिश्नरी का कार्य देखेंगे। निगम आयुक्त की ओर से जारी आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# तीन कर्मचारियों के भरोसे लैब, पंद्रह दिन की जांच रिपोर्ट तीन महीने बाद मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम बाजार से सैंपल तो उठा रही है, मगर रिपोर्ट के अभाव में उनकी जांच में देर हो रही है। इसकी प्रमुख वजह पंद्रह दिन में मिलने वाली सैंपल रिपोर्ट का तीन महीने बाद मिलना है। राज्य के एकमात्र परीक्षण शाला में वैसे तो 31 कर्मचारियों का सेटअप है, मगर काम करने वालों की संख्या महज तीन है।

जानकारी के अनुसार सेटअप के हिसाब से कर्मचारियों की भर्ती करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा चुका है, मगर



अनुमति नहीं मिलने की वजह से अब तक भर्ती नहीं की जा सकी है। सूत्रों के अनुसार खाद्य और औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में वैसे तो 31 पद स्वीकृत हैं, मगर वर्तमान में वहां तीन कर्मचारी काम कर रहे हैं। इनमें एक फूड एनालिस्ट और दो लैब टेक्निशयन अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। लैब में काम कर्मचारियों की बड़ी कमी वजह से खाद्य निरीक्षकों द्वारा बाजार से लाए जाने वाले सैंपल जांच के लिए डंप हो जाते हैं और उनकी जांच कार्रवाई में काफी विलंब हो जाता है। सूत्रों के अनुसार खाद्य विभाग द्वारा पिछले कुछ समय में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है और संदेह के आधार पर दर्जनों सैंपल उठाए गए थे। इन सैंपलों की जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है और रिपोर्ट के अभाव में आगे की जांच रुकी हुई है।

### निरीक्षकों की भी आधी टीम

लैब के अलावा मैदानी स्तर पर काम करने वाले खाद्य निरीक्षकों की भी आधी टीम प्रदेश में काम कर रही है। यहां निरीक्षकों के 110 पद स्वीकृत है मगर जांच की जिम्मेदारी 50 निरीक्षकों के पास है। राज्य में वर्तमान में 18 हजार बड़े और करीब एक लाख फुटकर व्यापारी है जो अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए जांच की जिम्मेदारी निभाते हैं।

# कलेक्टोरेट में जनसमस्या निवारण के लिए खोला गया कॉल सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम लोगों की शिकायत दर्ज कराने के लिए कलेक्टोरेट में कॉल सेंटर खोला गया है। कमरा नंबर 4 में संचालित यह सेंटर 24 घंटे खुला रहेगा, जिसमें कोई भी व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकता है। इस शिकायत का त्वरित गति से निराकरण भी किया जाएगा। कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर अभिलाषा पैकरा उपस्थित थे। कॉल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन शिकायतों के लिए हेल्फ लाइन नंबर जारी किया गया हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्री शिव धाम सल्धा में लगाए गए पौधे

**बेमेतरा।** जिला मानस संघ के तत्वावधान में पूज्य स्वामी श्री मज्ज ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में श्री शिव धाम सल्धा में देव वृक्ष रुद्रच्छ, चंदन व बेल के पौधे लगाए गए। उसके बाद पादुका पूजन गुरु पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। विष्णु साहू ने बताया किकार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने कहा कि मां भगवती सीता भू गर्भा हैं। प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी का दायित्व बनता है, जिससे व्यक्ति के अंतकरण में भक्ति का संचार हो। इसके लिए जिले के सभी तहसीलों में जिला मानस संघ द्वारा पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश वैष्णव महेंद्र सिंह चौहान राजकुमार ताम्रकार मदन सिंहा छगन साहू, महेश नवागढ़ शिव साहू, गजेंद्र वर्मा मनोज चक्रधारी, अभभन सेन, विष्णु साहू, शारदा, ईश्वर सिन्हा, बिहारी यादव, उत्तम साहू, पप्पू सेन, कल्याणी सेन भारत साहू सहित बड़ी संख्या में समस्त पदाधिकारी एवं मानस मंडली के संचालक उपस्थित थे।

### साय सरकार के निर्णय से भूमि त्रुटि सुधार हुआ आसान : सिन्हा

**बेमेतरा।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भू अभिलेख में सुधार का अधिकार तहसीलदारों को दिए जाने का स्वागत किया है। श्री सिन्हा ने बयान जारी कर कहा है कि पूर्व की बघेल सरकार द्वारा राजस्व विभाग के भू अभिलेख के मुख्य सॉफ्टवेयर में बदलाव किए जाने से आमजनता के साथ-साथ किसान वर्ग परेशान था। अपनी भूमि संबंधित किसी भी तरह के त्रुटि सुधार के लिए तहसीलदार के जरिए एसडीएम को आवेदन दिया जा रहा था, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन, अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राजस्व मंत्री टकराम वर्मा ने दूर कर दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने भू स्वामियों को राहत दी। अब त्रुटि सुधार का कार्य सरलता से हो सकेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राजस्व मंत्री टेकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया है।



### शासकीय विद्यालय कलंगपुर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। डिंपल, दिव्यानी निषाद, रेणुका, निहारिका, पल्लवी, फनीषा ने गुरुजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। शाला प्रमुख खुशबू सिन्हा ने मंच संचालन किया। प्राचार्य टीएस कोल्हे ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया।डीएल साहू प्रभारी प्राचार्य, वाईके साहू, एचएल साहू, केएल कुर्रे, डीके साहू, आरएन साहू, आरके साहू ने भी बच्चों को संबोधित किया। केएम महेश्वरी ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। टीसी मंडावी, एस सिंघारे, वीके साहू, आर मालवीय, एम ध्रुव, टी मिश्रा, एलबंदे, एस विश्वास, एस देवांगन तथा छात्र संघ प्रतिनिधियों का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

### लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में हुई खेल प्रतियोगिता

**डौंडीलोहारा।** जिला खेल कैलेंडर के अनुसार 23 जुलाई को ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कबड्डी बालक/बालिका 14,17,19 आयु वर्ग में खेल का आयोजन स्थानीय लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में किया गया। खेल संयोजक सौरभ शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ हिमांशु मिश्रा थे, अध्यक्षता प्राचार्य एल के ठाकुर ने की। विशेष अतिथि प्रदीप मेश्राम, अविनाश साहू, वीरेंद्र देवहारी, हेमंत साहू, विकासखण्ड के समस्त व्यायाम शिक्षक, प्रभारी शिक्षक एवं ब्लॉक के सभी स्कूल से प्रतिभागी उपस्थित थे।

---

**आयोजन :** जिले के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

# गुरु-शिष्य परम्परा को किया याद, बच्चों ने शिक्षकों के चरण छूकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा विकासखंड नवागढ़ में गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन बड़े ही धूमधाम से और हर्षोल्लास के साथ किया गया। ज्ञान की देवी माँ शारदे की चित्र पर पूजन आराधना व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद ध्रुव द्वारा किया गया। बच्चों के साथ मिलकर नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस द्वारा माँ सरस्वती वंदना किया गया।

साथ ही गुरु वंदना भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाला के शिक्षक राधेश्याम सिंह बैस द्वारा किया गया। शिक्षकों के द्वारा गुरु शिष्य परम्परा पर चर्चा की व गुरु महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। हमारे हिंदुस्तान में बहुत से महान संत गुरु हुए। जिसे आज भी बड़े सम्मान के साथ पूजते है व याद किया जाता है। गुरु को उच्च स्थान पर रखकर बातें रखी गयी। हमारे जीवन में प्रारम्भ से आज तक जितने भी गुरु हुए उनको स्मरण करके नमन किया गया। गुरु का आशीर्वाद जिनको मिल जाता है, उनका जीवन धन्य हो जाता है। कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल परम्परा के समय की शिक्षा दीक्षा पर भी चर्चा हुईं। कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ की सहभागिता रही है। साथ ही पालक की उपस्थिति रही है। बच्चे रूचि पूर्वक गुरु की महत्ता को जाने व समझे। बच्चों ने भी गुरु पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया।

## संडी स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**बेरला/कोदवा।** विकासखंड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सरस्वती माँ की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही महर्षि वेदव्यास की छायाचित्र की पूजा किया गया। उसके बाद बच्चों के द्वारा सभी गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रामखिलावन शर्मा सिध्दि माता मंदिर पुजारी ने गुरु को सर्वोच्च बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पी.डी. महिलांग ने कहा कि गुरु व्यक्ति के जीवन में ज्ञान के प्रकाश से उज्वल करता है। संस्था के शिक्षक लोकेश साहू ने कहा कि ज्ञान और शिक्षा ही जीवन का आधार है। गुरु के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। शिक्षक ओमनारायण साहू ने कहा कि गुरु पथ प्रदर्शक होता है। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक पी डी महिलांग, मनीषा देवांगन, लोकेश साहू, ओमनारायण साहू, नीलेश वर्मा सहित ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि सेवाराम साहू, डाकेश साहू, भँवरलाल साहू गणमान्य नागरिक सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



## गुरु के आशीर्वाद से खुशहाल और सफल होता है जीवन

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में गुरुपूर्णिमा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। शाला के प्रधान पाठक लेखराम वर्मा बच्चों को गुरु शिष्य परंपरा से अवगत कराया। इसके लिए उन्होंने गुरु शिष्य से जुड़ी हुई कई संस्मरण व कहानी बच्चों को सुनाए।

■ शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

साथ ही जीवन में गुरु के महत्व को बताये। नवाचारी शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी माता ही हमारी प्रथम गुरु होती है। हमें अच्छा बुरा, उचित अनुचित का ज्ञान माता ही कराती है। हमें सदैव अपने माता पिता का सम्मान करना चाहिए।इस पूरी दुनियां में हमें जिस किसी से भी कोई अच्छी बातें सीखने को मिले वही हमारा गुरु है। हमें सदैव गुरुजनों को सम्मान देना चाहिए। रोजाना उसे प्रणाम करना चाहिए। गुरु के आशीर्वाद से जीवन खुशहाल और सफल होता है।

नवाचारी शिक्षिका हिम कल्याणी गुरु पूर्णिमा से सम्बंधित कहानी से बच्चों को अवगत कराई। वेदव्यास जी महर्षि पराशर और माता सत्यवती के पुत्र थे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन ही उनका जन्म हुआ था। वेदव्यास जी के शिष्यों ने उनकी जन्मतिथि पर गुरुपूजन की शुरुआत की थी और उन्हें गुरु दक्षिणा दी थी। इसी के बाद से सभी अपने गुरुओं का पूजन इस दिन करते है। कक्षा 4 के छात्र शौर्य वर्मा, हर्ष साहू गुरुमहिमा पाठ सुनाये, बच्चें चित्रकारी किए। इस अवसर पर कुन्ती सिन्हा, बबीता ध्रुव, पिरेंद्र वर्मा, शारदा निषाद ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



## समाधान कालेज व आईटीआई में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**बेमेतरा।** सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया।

महाविद्यालय के चेतना विकास मूल्य शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष स्वीटी मलिक ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि गुरु एवं शिष्य संबंध में मूल्य व भाव निहित होता है। गुरु की शिष्य से यह अपेक्षा रहती है कि जो अध्ययन कराया जा रहा है, उनके प्रति आपकी स्वीकृति, बोध व समझ बने। जीवन के सभी मूल्यों को आत्मसात कर विश्वासपूर्वक जीवन जिये। गुरु व शिष्य संबंध की सार्थकता ज्ञान पर आधारित है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश राजपूत ने गुरु व शिष्य संबंध की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि हमें अपने माता-पिता एवं प्राथमिक कक्षा से उच्च शिक्षा तक अध्ययन कराये गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता अवश्य व्यक्त करें। आज हम जहां भी हैं, इन सभी में उनकी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से भूमिका रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी.एड., आई. टी. आई. तथा डिग्री के विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों को तिलक, आरती एवं श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस व क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल, आई टी आई प्राचार्या आशा झा, महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, प्रीति शर्मा व विनीता अग्रवाल एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. जी.डी. मानिकपुरी, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, नंदिनी वर्मा, रानी साहू, तुकाराम जोशी, आकाश हिरवानी, राजेश यादव, अंशु दत्ता,राजेंद्र वर्मा, पूजा सिन्हा, पूर्ति अग्रवाल, होरीलाल देवांगन, कमलेश साहू व जोगेंद्र साहू सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय नारायणपुर में मना गुरू पूर्णिमा महोत्सव



**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर के पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं वेदों के ज्ञाता महाषि वेदव्यास जी के तैल चित्र की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित सरपंच बिसाहू राम साहू ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को श्रीफल एवं गुलदस्ता देकर सम्मान किया। इस दौरान सरपंच व प्राचार्य ने गुरु पूर्णिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इस वेदव्यास के जन्म जयंती के रूप में मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ पूर्णिमा भी कहा जाता है, हमारे सनातन धर्म में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है, क्योंकि वह हमें संसार में जीने का तरीक़ा व अंधकार से प्रकाश तक ले जाने का रास्ता दिखाता है। शिष्य अपने गुरु की विशेष पूजा करते हैं, शिष्य इस दिन अपने सारे अवगुणों को गुरु को अर्पित करते हैं, इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य शिव कुमारी डोडै, कल्याणी साहू, राजेश छत्री, सरपंच बिसाहू राम साहू, कुंज लाल जयसवाल, कृष्ण कुमार रायकर, अनीता साहू, नीरज कौसले, रितेश्वरी साहू, माहेश्वरी राजपूत, मलेश्वर पटेल, दुर्गेश साहू, सहित लोग मौजूद रहे।

## गुरु के प्रति श्रद्धा-भक्ति होनी चाहिए





**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवरबीजा में हर्षोल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कोमल देवांगन एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती की आरती एवं वंदना किया गया। कक्षा 11वी एवं 12वी के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना का पाठ किया गया। वही अतिथियों व शिक्षकों का टीका लगा कर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका श्वेता द्विवेदी ने अपने जीवन में गुरु की महत्व और अपने प्रथम गुरु माता पिता के आदर सम्मान एवं उनके सीखों को अपनाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। इसके पश्चात वरिष्ठ व्याख्याता हीरा लाल साहू द्वारा गुरु शब्द का अर्थ बताते हुए कहा जो हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाये वही सच्चा गुरु है। गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा होता है इसलिए गुरु के प्रति हमारे जीवन में श्रद्धा और भक्ति होनी चाहिए। इस दौरान कोमल देवांगन ने सभी विद्यार्थियों को सम्भोधित करते हुए कहा कि यह पर्व सभी गुरुभक्तो के लिए महत्वपूर्ण है। समस्त छात्र अपने शिक्षकों का आदर सम्मान करे। बालक को संस्कार, ज्ञान ओर आदर्श की शिक्षा गुरु से ही मिलती है। इस कार्यक्रम का संचालक दीनानाथ साहू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिका स्निग्धा रॉय, भुनेश्वरी मालाकार, कुमारी काजल व्यायाम शिक्षिका, विबिन सैम ग्रंथपाल, दिनेश तिवारी, नीरज साहू, दुलेश्वरी यदु एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# महिलाओं को दी गई कानूनों की जानकारी

## महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया गया जागरूकता सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राज्य शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला केन्द्रित कानून सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी एवं प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं को महिला केन्द्रित कानून सप्ताह के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के विषय में विस्तार से कानूनी जानकारी जहां प्रदान की वही किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं संशोधित अधिनियम 2021 के बारे में विस्तार से जानकारी दिये तद् पश्चात राजेन्द्र चन्द्रवंशी परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाईन के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिये तथा पास्को एक्ट (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं संसोधित अधिनियम 2019) के बारे में विस्तार से विधिक जानकारी प्रदान की गई तद् पश्चात बिहान से यशोदा साहू संरक्षण अधिकारी ने महिलाओं के संबंध में कानूनी जानकारी दिये तथा राखी यादव केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर ने सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिये तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से चेतन साहू एवं स्वाती कुंजाम पीएलवी के द्वारा प्राधिकरण की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों को प्रदान की गई। इस अवसर पर प्राचार्य, समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं छात्र उपस्थित थे।

# सिंगरौर कुर्मी क्षत्रिय समाज ने किया मेधावी छात्र प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कुर्मी क्षत्रिय समाज बेमेतरा के केंद्रीय समिति ने छात्र प्रतिभा सम्मान व कैरियर गाईडेंस का आयोजन कुर्मी भवन में किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं, 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक नम्बरों से उतीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में अपना फोकस करने संबंधी कैरियर की सलाह दी गई। मेमोरी शार्प करने संबंधी भी टिप्स दिए गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ प्रवीण वर्मा, समाधान कॉलेज के डायरेक्टर डॉ अवदेश पटेल, व्याख्याता पीताम्बर झा, सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर सी डी वर्मा, जनपद अध्यक्ष बेमेतरा रीना मिथलेश वर्मा,समाज के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों से अध्यक्ष कौशल सिंह वर्मा, राजा वर्मा, नेमी चंद वर्मा, बिजेंद्र वर्मा, चंद्र शेखर वर्मा,संतोष वर्मा, धारेंद्र वर्मा, टुवेन्द्र वर्मा, मोहन वर्मा, जकलु वर्मा,कर्मचारी प्रकोष्ठ से राजा वर्मा, गैंद राम वर्मा,बिजेंद्र वर्मा पटवारी, चित्रेन्द्र वर्मा, हरीश वर्मा, नरेश वर्मा, चेतन वर्मा, संजय वर्मा,ललित वर्मा,जितेंद्र कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, युवा प्रकोष्ठ से सुमित वर्मा, प्रज्ज्वल वर्मा, रवि वर्मा, योगेश वर्मा, तथा बहुत से संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ उनके पालक, अभिभावक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन अरविंद सिंह वर्मा ने किया।

**जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे नागरिक, मिले 34 आवेदन**

# कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टोरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्र से लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 34 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से जिला बेमेतरा के वार्ड नं. 15 निवासी ललीता साहू ने महतारी वंदन योजना का लाभ ना मिलने के संबंध में आवेदन दिया। बेमेतरा तहसील के ग्राम कंतेली निवासी सकुंनलता पठारी ने घर में नाली का पानी भरने के संबंध में आवेदन दिया। नांदघाट तहसील के समस्त ग्रामवासी ने शराब दुकान को स्थांतरित करने के संबंध में आवेदन दिया। थानख्हरिया तहसील के ग्राम कन्हेरा के निवासी पतोला बाई ने प्रधानमंत्री आवास की राशि बैक सें दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील थानखम्हरिया के ग्राम कोपेडबरी के समस्त ग्रामवासी नें शा.पूर्व.मा.शाला कोपेडबरी में शिक्षक व्यवस्था कराये जाने के संबंध में आवेदन दिया।

### गांव में पानी निकासी के संबंध में दिया आवेदन

तहसील साजा के ग्राम बीजा के समस्त ग्रामवासी ने शीतलापारा के पानी निकासी के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।



By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
20 सितंबर 2024
10 नवंबर 2024
10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)